# University in News on 09 October 2024

HINDUSTAN PAGE 9

## हॉस्टल पर हमला करने वाले पांच छात्रों का निलंबन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने नवीन परिसर स्थित कौटिल्य छात्रावास में हमला करने वाले पांच छात्रों को अगले आदेश तक निलंबित न कर दिया है। छात्रावास का आवंटन निरस्त कर परिसर में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। नोटिस जारी कर तीन कार्य दिवस में लिखित स्पष्टीकरण भी मांगा गया है।

कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि दो-तीन अक्तूबर की रात लगभग तीन बजे द्वितीय परिसर के कौटिल्य छात्रावास में अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर दर्जन भर छात्रों ने हमला किया था। पार्किंग में खड़े वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया था। अपर कुलानुशासक ने कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा पर छात्रों ने स्पष्टीकरण नहीं दिय। चार अक्तूबर को जानकीपुरम थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई गई थी। इसके मद्देनजर बीबीए पर्यटन तृतीय वर्ष के अमन यादव, शिवम सिंह और बीबीए एमएस तृतीय वर्ष के सत्यम यादव, अभिमन्यु सिंह व उज्ज्वल गौतम को निलंबित किया गया है।

## डाटा एनालिसिस, सॉफ्टवेयर व एआई के लिए कोडिंग जरूरी

लखनऊ, संवाददाता। सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डाटा एनालिसिस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में कोडिंग एक बुनियादी और अत्यंत महत्वपूर्ण कौशल है। यह बात लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के अधिष्ठाता प्रो. एके सिंह ने कही।

एलयू के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से टीसीएस कोडविटा सीजन 12 पर सेमिनार हुआ। मुख्य वक्ता टीसीएस दिल्ली के टैलेंट एक्विजिशन ग्रुप नॉर्थ की प्रमुख सदस्य मानसी जायसवाल रहीं। वहीं, एलयू मूट कोर्ट एसोसिएशन ने तीसरे डॉ. आरयू सिंह राष्ट्रीय मेमोमोरियल ड्राफ्टिंग और जजमेंट राइटिंग प्रतियोगिता 2024 के विजेताओं के नामों की घोषणा कर दी है। संकायाध्यक्ष प्रो. बीडी सिंह ने बताया कि इसमें देशभर से 94 टीमों ने भाग लिया था।

JAGRAN CITY PAGE III

## मां दुर्गा के नाम पर लवि के हास्टल के प्रखंडों के नाम



लवि के कैलाश छात्रावास में शारदीय नवरात्र के अवसर पर मां दुर्गा के विभिन्न नामों से छह प्रखंडों का नामकरण किया गया इस अवसर पर छात्राएं गरबा करते हुए • सौ. लवि

जासं • लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के कैलाश छात्रावास में शारदीय नवरात्र के अवसर पर मां दुर्गा के विभिन्न नामों से छह प्रखंडों का नामकरण किया गया। अब ये छह ब्लाक नए नामों में योगेश्वरी, राजेश्वरी, महेश्वरी, महाश्री, नारायणी और परमेश्वरी से जाने जाएंगे। इन नामों का अनावरण कुलपति प्रो. आलोक राय की माता राजेश्वरी राय ने किया। इस अवसर पर गरबा कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्राओं ने मनमोहक गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। कैलाश गर्ल्स हास्टल सबसे पुराना है। इसका नाम राज्यसभा सदस्य कैलाश श्रीवास्तव के नाम पर रखा गया था, जिन्होंने विश्वविद्यालय को संपत्ति हस्तांतरण के लिए अनुदान स्वीकृत करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह हास्टल हवादार स्वच्छ कमरे, कामन हाल, डाइनिंग हाल, खेल के मैदान, हरे भरे लान, खूबसूरत पेड़ों से सुज्जित है।

### सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में मंगलवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। एम.काम प्रथम सेमेस्टर के छात्रों ने मानव सुरक्षा से संबंधित निर्धारित नियमों और विनियमों की अनदेखी के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं का नाट्य रूपांतरण किया। छात्रों ने पोस्टर के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण उपायों के बारे में भी जागरूक किया।

### लवि में हुआ व्याख्यान

जासं • लखनऊ : लवि के रसायन विज्ञान विभाग में मंगलवार को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी के कार्बनिक रसायन विज्ञान के प्रो. विनोद कुमार तिवारी ने व्याख्यान दिया। उन्होंने समाज में सिंथेटिक रसायनज्ञों के योगदान पर प्रकाश डाला। विशेष रूप से दवा अनुसंधान और बेहतर प्रभावकारिता और कम दुष्प्रभावों के साथ जीवन रक्षक दवाओं के विकास के बारे में बात की। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल मिश्रा व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

PIONEER PAGE 4

## नवरात्र में कैलाश छात्रावास के छह प्रखंडों का हुआ नामकरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय के कैलाश छात्रावास में शारदीय नवरात्र की षष्ठी तिथी को आज माँ दुर्गा के विभिन्न नामों से यहां के छह प्रखंडों का नामकरण किया गया। इन छह प्रखण्डों के नाम क्रमश: योगेश्वरी ब्लॉक, राजेश्वरी ब्लॉक, महेश्वरी ब्लॉक, महाश्री ब्लॉक, नारायणी ब्लॉक एवं परमेश्वरी ब्लॉक रखे गए। इन सभी नए नामित ब्लॉकों पर पत्थर का अनावरण कुलपति की माता राजेश्वरी राय ने किया।

इसके अतिरिक्त छात्रावास में गरबा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमे कैलाश छात्रावास की छात्राओं ने मनमोहक गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। बता दें कि लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्राओं के आवास हेतु सबसे पुराना और सबसे बड़ा ऐतिहासिक छात्रावास कैलाश गर्ल्स हॉल का नाम कैलाश श्रीवास्तव (राज्यसभा सदस्य) के नाम पर रखा गया था जो सर ज्वाला प्रसाद (पूर्व शिक्षा मंत्री) की पत्नी थीं, जिन्होंने अपने विशेष योगदान और अथक प्रयासों से लोक निर्माण विभाग से विश्वविद्यालय को संपत्ति हस्तांतरण के लिए अनुदान स्वीकृत करवाया था। यह हॉस्टल हवादार स्वच्छ कमरे, कॉमन हॉल, डाइनिंग हॉल, खेल का मैदान, हरे-भरे लॉन, और ऊंचे खूबसूरत पेड़ों से सुसज्जित है। यह हॉल विविधता में एकता के उद्देश्य को पूरा करते हुए अंत:वासी छात्राओं के समग्र विकास में सहायक है। इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रो मनुका खन्ना ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और अंत:वासी छात्राओं को अपना आशीर्वचन प्रदान किया। कार्यक्रम में डायरेक्टर आईक्यूएसी प्रो संगीता साहू, सांस्कृतिकी निदेशक प्रो अंचल श्रीवास्तव, चीफ प्रोवोस्ट प्रो अनूप कुमार सिंह, डीन एकेडेमिक्स प्रो गीतांजलि मिश्रा, एडिशनल चीफ प्रोवोस्ट डॉ राजेश्वर यादव एवं डॉ अनुपमा श्रीवास्तव, प्रो. ओ पी शुक्ला, लेखा अधिकारी अंतरा बनर्जी एवं विभिन्न छात्रावासों के प्रोवोस्ट तथा असिस्टेंट प्रोवोस्ट उपस्थित थे।

AMRIT VICHAR PAGE 4

## रसायन विज्ञान में संयोग विषय पर व्याख्यान

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग ने विशेष सामान्य व्याख्यान श्रृंखला में दसवां व्याख्यान आयोजित किया। व्याख्यान बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में कार्बनिक रसायन विज्ञान के प्रोफेसर प्रो. विनोद कुमार तिवारी ने दिया।

शुरुआत में रसायन विज्ञान विभाग के प्रमुख प्रो. अनिल मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया और छात्रों के लाभ के लिए ऐसे व्याख्यानों के महत्व पर जोर दिया। डॉ. ओम प्रकाश ने विभाग में उनका स्वागत किया। प्रो. अभिनव कुमार ने श्रोताओं से वक्ता का परिचय कराया। प्रो. विनोद के तिवारी ने रसायन विज्ञान में संयोग शीर्षक से एक आकर्षक व्याख्यान दिया।

## तोड़फोड़ करने के आरोपी छात्र हुए प्रतिबंधित

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विवि के दूसरे कैंपस में पिछले 2-3 अक्टूबर को किए गए तोड़फोड़ और बवाल को लेकर कुलानुशासक ने पांच छात्रों के खिलाफ नोटिस जारी किया है। इसे लेकर विवि प्रशासन ने पांच छात्रों के खिलाफ थाना जानकीपुरम में मामला भी दर्ज कराया था।

अब इन छात्रों के विश्वविद्यालय में नामांकन, छात्रावास आदि समस्त सुविधाओं से वंचित कर दिया गया है। निलंबित होने वाले छात्रों में अमन यादव पुत्र रामाश्रय यादव, शिवम सिंह पुत्र मुकेश सिंह, सत्यम यादव पुत्र इंद्रेश यादव, अभिमन्यु सिंह पुत्र मैनेजर सिंह, उज्ज्वल गौतम पुत्र प्यारे लाल शामिल हैं। ये सभी छात्र बीबीए तृतीय वर्ष के हैं।

## युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर हुई चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग ने युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य मुद्दे, चुनौतियाँ और संवर्धन पर एक सत्र का आयोजन किया। विभाग की अध्यक्ष डॉ. अर्चना शुक्ला ने वक्ता प्रोफेसर आराधना शुक्ला, पूर्व डीन (कला) और प्रमुख, मनोविज्ञान विभाग, कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल का स्वागत किया। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंट्रोडक्शन ऑन टीसीएस कोडिवीटा पर भी सेमिनॉर का आयोजन हुआ। विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी व तकनीकी संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के द्वारा टीसीएस कोडविटा सीजन 12 पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया।

## लविवि के अक्षय ने जीता स्वर्ण पदक

**अमृत विचार, लखनऊ :** 3 से 5 अक्टूबर के बीच श्रीरामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर विश्वविद्यालय फेस्ट में लखनऊ विश्वविद्यालय विधि संकाय के छात्र अक्षय प्रताप ने शार्टपुट प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता है। इस उपलक्ष्य पर विधि संकायाध्यक्ष प्रोफेसर बंशीधर सिंह ने उक्त छात्र को बधाई दिया। इस अवसर पर विधि संकाय के शिक्षक डॉ आलोक कुमार यादव, प्रो अशोक सोनकर, प्रो राकेश सिंह, डॉ अर्चना सिंह, डॉ अभिषेक तिवारी, प्रो विनीता काचर आदि उपस्थित थे।

## जजमेंट लेखन में रिया को मिला प्रथम स्थान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



लविवि के विधि संकाय में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागी।

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय मूट कोर्ट एसोसिएशन ने तीसरे डॉ. आर.यू. सिंह राष्ट्रीय मेमोमोरियल ड्राफ्टिंग और जजमेंट राइटिंग प्रतियोगिता 2024 के विजेताओं की घोषणा की है। विधि संकाय की मूट कोर्ट एसोसिएशन ने तीसरे डॉ. आरयू सिंह राष्ट्रीय मेमोरियल ड्राफ्टिंग और जजमेंट राइटिंग प्रतियोगिता 2024 के विजेताओं के नामों का घोषणा की गई। यह प्रतियोगिता ऑनलाइन आयोजित की गई थी और इसमें पूरे भारत से 94 टीमों ने भाग लिया था। डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की रिया पोद्दार ने निर्णय लेखन प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया। महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के जतिन श्रीवास्तव और गोपाल आर्यन और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी के विधि संकाय के कोप्पर्थी भाष्करा नारायण ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।